# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 339 | बिजौलिया - मंगलवार, 23 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


# राजस्थान में यूसीसी की तैयारी शुरू, एक कानून के दायरे में आएंगे सभी नागरिक

**पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित, बहुविवाह पर लगेगी रोक, लिव-इन संबंधों का होगा पंजीकरण**

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में यूसीसी विधेयक का प्रारूप तैयार करने के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की सिफारिशों के आधार पर विधेयक तैयार कर विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधेयक पारित होने के बाद प्रदेश में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे नागरिक मामलों के लिए सभी धर्मों पर एक समान कानून लागू होगा।



यूसीसी लागू होने के बाद प्रदेश में किसी भी धर्म के व्यक्ति को एक से अधिक विवाह की अनुमति नहीं होगी। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया जा सकता है। इसके अलावा विवाह और तलाक का रजिस्ट्रेशन भी जरूरी होगा। पैतृक संपत्ति में बेटा और बेटी को समान अधिकार देने का प्रावधान किया जाएगा। हालांकि स्थानीय जनजातीय समुदायों को उनकी परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के आधार पर कानून के दायरे से बाहर रखा जा सकता है।

### समाप्त होंगे अलग-अलग पर्सनल लॉ

वर्तमान में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण जैसे मामलों में अपने-अपने पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। यूसीसी लागू होने के बाद इन सभी व्यक्तिगत कानूनों की जगह एक समान नागरिक कानून लागू होगा। सरकार का तर्क है कि इससे महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त कर उन्हें समान अधिकार सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

### उत्तराखंड बना था पहला राज्य

देश में उत्तराखंड पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई। इसके बाद गुजरात ने मार्च 2026 और असम ने मई 2026 में यूसीसी विधेयक पारित किया। वहीं गोवा में पुर्तगाली शासनकाल से लागू गोवा सिविल कोड आज भी प्रभावी है, जिसे देश में समान नागरिक कानून का सबसे पुराना उदाहरण माना जाता है।

### क्या बदल जाएगा?

* एक से अधिक विवाह पर रोक
* विवाह और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य
* लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन जरूरी
* बेटा-बेटी को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार
* सभी धर्मों के लिए एक समान नागरिक कानून
* जनजातीय समुदायों को मिल सकती है विशेष छूट

# ए.एन.टी.एफ का नशे पर प्रहारः 644 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, स्निफर डॉग ने निभाई अहम भूमिका

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

राजस्थान में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और हमीरगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 644 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस पूरे ऑपरेशन की खास बात यह रही कि पुलिस के प्रशिक्षित स्निफर डॉग ने गांजे की पहचान करने में अहम भूमिका निभाई।

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बिलिया कला डेयरी के पास पारा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है।

सूचना मिलते ही एएनटीएफ और थाना पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहनों को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे



दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बंशीलाल (47) पुत्र प्यारालाल बलाई, निवासी बिलिया कला बताया। तलाशी के दौरान प्रशिक्षित खोजी कुत्ते की मदद से उसके पास मौजूद प्लास्टिक की थैली की जांच की गई, जिसमें से 644 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ इस सफल कार्रवाई में शामिल एएनटीएफ एवं हमीरगढ़ थाना पुलिस के अधिकारियों और जवानों को कार्यबल मुख्यालय जयपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# भीलवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड बना चोरों का अड्डा, महीनों से बंद पड़े हैं CCTV कैमरे, परीक्षा देने जा रही छात्रा का बैग चोरी


**रोज कई यात्रियों के सामान हो रहे है चोरी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

भीलवाड़ा का रोडवेज बस स्टैंड इन दिनों चोरों का गढ़ बनता जा रहा है। यहाँ आए दिन यात्रियों के बैग, मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी होने की वारदातें सामने आ रही हैं। सोमवार को सामने आए एक ताजा मामले में, परीक्षा देने जा रही एक छात्रा का बैग बस स्टैंड से पार हो गया। काफी तलाश के बाद भी जब बैग का कोई सुराग नहीं मिला, तो रोडवेज प्रशासन की एक और बड़ी लापरवाही उजागर हुई। पीड़ित पक्ष ने जब चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की, तो सामने आया कि बस स्टैंड पर लगे अधिकांश कैमरे पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। लगातार हो रही चोरियों और बंद पड़े कैमरों ने रोडवेज प्रशासन के सुरक्षा दावों की पोल खोल कर रख दी है।



### दुकान पर सामान लेने गई, पीछे से बैग गायब

पीड़ित छात्रा रानू कंवर ने बताया, 'मैं बीएसटीसी (BSTC) की परीक्षा देने के लिए उत्तर प्रदेश के मऊ जा रही थी। इस दौरान जब मैं रोडवेज बस स्टैंड पहुँची और कुछ सामान लेने के लिए एक दुकान पर रुकी, तभी पीछे से कोई अज्ञात शातिर मेरा बैग चुराकर रफूचक्कर हो गया। उस बैग में मेरे सभी जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज, नकदी और अन्य कीमती सामान था। जब मैंने बैग का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की, तो प्रशासन ने कैमरे बंद होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। '

### जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए प्रबंधक

इस पूरे मामले पर रोडवेज बस स्टैंड प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा का बेहद गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आया है। उन्होंने कहा, 'पूछताछ केंद्र (इन्क्वायरी) पर तैनात कर्मचारी समय-समय पर अनाउंसमेंट करके यात्रियों को जेबकतरों और चोरों से सावधान रहने की हिदायत देते हैं। यात्री अपने सामान की सुरक्षा खुद करें। जहाँ तक सीसीटीवी कैमरों का सवाल है, तो पिछले 3-4 महीनों से कैमरे खराब पड़े हैं। इसके लिए हमने उच्च अधिकारियों और स्थानीय विधायक को पत्र लिखकर नए कैमरे उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि चोरियों पर लगाम लगाई जा सके। इसके अलावा हमने नजदीकी पुलिस थाने को भी सूचित किया है कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करें। '




# सुवाणा के रॉयल फार्म हाउस पर पुलिस का छापा, जुआ खेलते 14 आरोपी गिरफ्तार

**62,900 रुपए नकद, ताश के पत्ते और 11 वाहन जब्त, संगठित जुआ गिरोह पर कार्रवाई**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**। जिले में अवैध गतिविधियों और संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने रविवार देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए सुवाणा स्थित एक फार्म हाउस पर संचालित जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 14 आरोपियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 62 हजार 900 रुपए की नकद राशि, ताश के पत्ते तथा 11 वाहन जब्त किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन एवं पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी के सुपरविजन में सदर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 21 जून को उप निरीक्षक भरत कुमार शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुवाणा कोर्ट के पीछे स्थित रॉयल फार्म हाउस में कुछ लोग बंद कमरे में ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पहले इसकी पुष्टि की और बाद में न्यायालय



से सर्च वारंट प्राप्त कर टीम के साथ फार्म हाउस पर दबिश दी। पुलिस टीम ने फार्म हाउस को चारों ओर से घेर लिया ताकि कोई आरोपी भाग नहीं सके।

कार्रवाई के दौरान अंदर मौजूद 14 लोगों को ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

पुलिस ने मौके से 62 हजार 900 रुपए नकद राशि, ताश के पत्ते और जुए में प्रयुक्त अन्य सामग्री जब्त की। इसके अलावा फार्म हाउस परिसर में खड़े 8 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी एवं एक आई-20 कार को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी सुनसान स्थान का चयन कर बंद कमरों में संगठित तरीके से जुआ खेलने की गतिविधियों में लिप्त थे। प्रारंभिक जांच में कुछ आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी जुए से संबंधित प्रकरण दर्ज होना सामने आया है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में जुए के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों एवं गतिविधियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

पुलिस ने मामले में मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी गुलमंडी, शरफुदीन पुत्र फकरूदीन नीलगर निवासी न्यू पटेल नगर, साजिद हुसैन पुत्र गुलाम रसूल निवासी गुलमंडी, मोहम्मद अकरम पुत्र फतेह मोहम्मद निवासी गुलमंडी, अशफाक पुत्र मोहम्मद असलम निवासी गुलमंडी, ताहिर हुसैन पुत्र अब्दुल कदीर निवासी गुलमंडी, नौशाद अली पुत्र अख्तर हुसैन निवासी मोहम्मदी कॉलोनी, मोहम्मद रमजान पुत्र रूस्तम अली शेख निवासी पुरानी धानमंडी, वसीम अंसारी पुत्र अब्दुल गफूर अंसारी निवासी गुलअली नगरी, मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद मुख्तार निवासी मोहम्मदी कॉलोनी, मोहम्मद हुसैन पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी गुलमंडी, कयूम मोहम्मद लुहार पुत्र सिराजुद्दीन लुहार निवासी गुलमंडी, मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी गुलमंडी तथा दिनेश कुमार पुत्र रोडूलाल जीनगर निवासी न्यू कोटा रोड, ईरास को गिरफ्तार किया है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# बडलेश्वर महादेव मंदिर पर लगाए लाल निशानों का विरोध, महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बडलेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं ट्रस्ट की भूमि पर नगर निगम द्वारा लगाए गए लाल निशानों के विरोध में सोमवार को कोली समाज झलकारी महिला मंडल एवं बडलेश्वर महादेव महिला मंडल की महिलाओं ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि यह स्थल समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इससे जुड़ी किसी भी कार्रवाई से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी।

ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि बडलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं तथा यहां नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम एवं समाजहित की गतिविधियां आयोजित होती हैं। ऐसे में मंदिर परिसर की दीवार पर लगाए गए लाल निशानों को लेकर समाज में चिंता और आक्रोश व्याप्त है।

महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा संबंधित पक्षों से संवाद कर न्यायोचित समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि मंदिर परिसर एवं ट्रस्ट की भूमि पर प्रस्तावित कार्रवाई नहीं रोकी गई तो कोली समाज को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। समाजजन व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्वती देवी, अंतिमा देवी, इंद्रा देवी, मंजू देवी, शांति देवी, प्रेम देवी, बाली देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# चंवरा के हनुमानजी मंदिर में आज होगा निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



(रोशन )। पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला एवं बड़लियास के तत्वावधान में 23 जून को चंवरा के हनुमानजी मंदिर परिसर में निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा । शिविर में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श, जांच, उपचार एवं आवश्यक ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जांच एवं भर्ती योग्य मरीजों को उसी दिन अस्पताल ले जाने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। साथ ही मरीजों के रहने, खाने तथा दवाइयों की व्यवस्था भी रियायती दरों एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविर में नेत्र रोग, हृदय रोग, जनरल मेडिसिन, अस्थि रोग, त्वचा रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, कान-नाक-गला रोग, श्वास एवं चेस्ट रोग, जनरल सर्जरी तथा फिजियोथेरेपी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। आयोजकों के अनुसार मोतियाबिंद ऑपरेशन, हृदय एवं किडनी रोगों का उपचार, घुटनों व जोड़ों की समस्याओं का परीक्षण, महिलाओं से संबंधित रोगों की जांच, सामान्य सर्जरी एवं अन्य बीमारियों का उपचार शिविर में किया जाएगा। गंभीर मरीजों को आगे के उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# कोटड़ी थाना परिसर में सीएलजी बैठक आयोजित

## यातायात सुधार एवं शांति व्यवस्था पर हुआ मंथन



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

आगामी त्योहारों तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर सोमवार को कोटड़ी थाना परिसर में सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा जनसहयोग से शांति व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी सुरेश डाबरिया, तहसीलदार श्रीलाल मीणा एवं थाना प्रभारी महावीर मीणा ने कहा कि कस्बे में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को बाइपास मार्ग की ओर स्थानांतरित करने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की गई है ताकि वाहनों को आबादी में आने से रोकने में कारगर होगी। इससे मुख्य बाजार एवं आबादी क्षेत्र में जाम की समस्या कम होगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी। इस पर सदस्यों ने समर्थन करते हुए शीघ्र लागू करने का प्रस्ताव पारित किया। वही उन्होंने कहा कि आने वाले धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान सभी नागरिक आपसी भाईचारे, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाह, संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में मंदिर ट्रस्ट सदस्य चंपालाल तेली, नारायण सिंह, श्रवण सोनी, लक्ष्मी जीनगर, राजेश आचार्य, मांगू मोहम्मद, हसन मेवाती, मोहम्मद रफीक, सद्दाम हुसैन, श्याम सुन्दर शर्मा सहित अनेक सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे अग्निवीर रोशन गुर्जर का भव्य स्वागत

## भारत माता के जयकारों से गूंजा गांव, युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव चोटियास लौटे जवान रोशन गुर्जर का ग्रामीणों ने उत्साह, गर्व और देशभक्ति के माहौल में भव्य स्वागत किया। गांव में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया तथा भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

रोशन गुर्जर के आसींद बस स्टैंड पहुंचने पर ग्रामीणों और युवाओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद एक भव्य जुलूस के रूप में उन्हें गांव ले जाया गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया तथा साफा पहनाकर शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह के दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। ग्रामीणों ने कहा कि रोशन गुर्जर ने भारतीय सेना में शामिल होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनमें राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करेगी।

# मोहर्रम से पहले पुलिस-जन संवाद, शांति और सुरक्षा को लेकर बनी कार्ययोजना

## सीएलजी बैठक में यातायात व्यवस्था, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर हुआ मंथन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को थाना परिसर में पुलिस एवं नागरिकों के बीच संवाद का आयोजन हुआ । थानाधिकारी स्वागत पांडे की अध्यक्षता में आयोजित सीएलजी बैठक में पर्व की व्यवस्थाओं के साथ-साथ क्षेत्र की यातायात समस्याओं, सुरक्षा इंतजामों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में मोहर्रम के जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर सुझाव आमंत्रित किए गए। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि पर्व के दौरान आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन ने भी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताई।

चर्चा के दौरान नगर के शक्करगढ चौराहा, बालाजी चौराहा एवं केसरगंज चौराहा पर घुमावदार मोड़ों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका जताई गई। सदस्यों ने इन स्थानों पर स्थायी बैरिकेडिंग लगाने और तेज रफ्तार वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने की मांग रखी। पुलिस ने सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

थानाधिकारी स्वागत पांडे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों की पालना बेहद जरूरी है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील करते हुए नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। विंध्यवासिनी शक्तिपीठ के कोषाध्यक्ष शक्तिनारायण शर्मा ने मंदिर परिसर में देर रात असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

इस पर पुलिस प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

बैठक में अनिल टांक, रमेश गुरुजी, ओमप्रकाश शर्मा, राजेंद्र तंवर, इमरान हुसैन, राकेश ब्रह्मभट्ट, सत्तार फौजदार सहित कई सीएलजी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे अग्निवीर गजेन्द्र का भव्य स्वागत

## देशभक्ति के नारों के बीच निकली स्वागत रैली, गांव का पहला युवा बना अग्निवीर

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**



भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार पैतृक गांव लौटे गजेन्द्र जाट का जाटों का सोपुरा गांव सहित पूरे क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। युवा सैनिक के सम्मान में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया और भारत माता के जयकारों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। जाटों का सोपुरा निवासी देबीलाल जाट के सुपुत्र गजेन्द्र जाट का चयन दिसंबर 2025 में अग्निवीर के रूप में हुआ था। इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग पंजाब में हुई है। गांव लौटने पर क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

गजेन्द्र के सवाईपुर पहुंचने पर जीण माता मंदिर परिसर में पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इसके बाद कस्बे के मुख्य चौराहे से वाहन रैली निकाली गई, जो सोपुरा रोड और डसाणिया का खेड़ा होते हुए जाटों का सोपुरा गांव पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने मालाएं पहनाकर और साफा बांधकर अग्निवीर का अभिनंदन किया।

गांव पहुंचने पर गजेन्द्र जाट का भारत माता के जयकारों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस के रूप में उन्हें गांव में घुमाया गया। स्वागत समारोह के दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर जवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सवाईपुर प्रशासक किशन जाट ने बताया कि गजेन्द्र जाट गांव के पहले युवा हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव के अन्य युवाओं को भी सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# फर्जी पुश्तैनी पट्टों के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, पैदल मार्च निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग, भूख हड़ताल की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



ग्राम पंचायत खांखला में कथित फर्जी पुश्तैनी पट्टों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कोर्ट चौराहे से उपखंड कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत खांखला के सरपंच रतनलाल स्वर्णकार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आबादी भूमि पर अपने परिवार के सदस्यों के नाम करीब 15 पुश्तैनी पट्टे जारी कर दिए। उनका कहना है कि पंचायत राज नियमों के अनुसार पुश्तैनी पट्टा केवल उसी भूमि पर जारी किया जा सकता है, जिस पर वर्षों पुराना मकान बना हो तथा पूर्वजों के समय से कब्जा हो, जबकि विवादित भूमि सरकारी आबादी भूमि है और मौके पर ऐसा कोई पुराना निर्माण मौजूद नहीं है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2015 के बाद से संबंधित पट्टों का रिकॉर्ड ऑडिट विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे पूरे मामले में अनियमितताओं की आशंका और गहरा गई है। उनका दावा है कि कथित फर्जीवाड़े के कारण सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले सात माह से वे लोकायुक्त, संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार शिकायतें सौंप रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

पैदल मार्च के दौरान ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे, जिन पर 'सरपंच को निलंबित करो ', 'कागजों की हेराफेरी, तभी तो जांच में देरी' जैसे नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की।ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की तो गांव के प्रमुख नागरिक उपखंड कार्यालय के बाहर दो दिवसीय भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह शुरू करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार और कथित पट्टा घोटाले के खिलाफ उनकी लड़ाई अब आर-पार की होगी।

# महेश नवमी आज, माहेश्वरी समाज में उत्साह का माहौल निकलेगी भव्य शोभायात्रा, सजे चौराहे, लगाए गए स्वागत द्वार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश (शिव) की जयंती के उपलक्ष्य में मनाई जाने वाली महेश नवमी के अवसर पर मंगलवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शोभायात्रा के मुख्य प्रभारी सुभाष बाहेती ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों को आकर्षक सजावट से संवारा गया है तथा विभिन्न स्थानों पर 90 स्वागत द्वार स्थापित किए गए हैं। शोभायात्रा शाम 4.30 बजे निर्धारित समय पर भगवान महेश की आकर्षक झांकी के साथ रवाना होगी। यात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े, धार्मिक झांकियां एवं महिला-पुरुषों की पारंपरिक वेशभूषा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। समाज के युवा एवं महिलाएं आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर रंग-बिरंगी रोशनी, भगवा पताकाएं और स्वागत बैनर लगाए गए हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवमय नजर आ रहा है। संयोजक अतुल राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया व कार्यवाहक अध्यक्ष केदार गगरानी ने समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में शोभायात्रा एवं कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया है। महेश नवमी पर्व को लेकर माहेश्वरी समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल है तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**15 स्थानों पर होगा भगवान शंकर का अभिषेक एक साथ**

महेश नवमी के तत्वाधान में जिला एवं नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा मंगलवार को भगवान महेश का अभिषेक प्रातः 7.00 बजे से 09.00 बजे तक अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन विभिन्न क्षैत्रों में रखा गया है। जिनमें क्षेत्रवासी भाग लेगें। मुख्य प्रभारी सुनीत जागेटिया व सीए अंकित लखोटिया ने बताया की बालाजी मार्केट स्थित श्री बालाजी मंदिर में भव्य महाअभिषेक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विद्वान पंडितों के सान्निध्य में प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर समाजजनों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। साथ ही पुर में डूंगरी के बालाजी, बापूनगर में जलदाय विभाग मंदिर, सीएस आजादनगर में पंचेश्वर महादेव, आजादनगर काशीपुरी में रामधाम मंदिर, बसंत विहार गांधीनगर में निम्बार्क आश्रम, शास्त्रीनगर में नीलकण्ठ महादेव, पुराना शहर में गोपालद्वारा मंदिर, भोपालगंज में पिपलेश्वर महादेव एवं हनुमान मंदिर वीर सांवरकर चौक, आरकेआरसी में चामुण्डा माता मंदिर, संजय कॉलोनी में शिव मंदिर बास वाली गली, सुभाषनगर में श्रीराम मंदिर छोटी पुलिया, वीएसपी नगर में संकट वीर बालाजी मंदिर के मोतीबावजी, तिलकनगर में चारभुजा मंदिर व सांगानेर में शिव मंदिर बड़े मंदिर के पास भगवान महेश का अभिषेक का आयोजन एक साथ होगा।



QUICK BITES

## ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे अग्निवीर तेजमल जाट का भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार पैतृक गांव पक्षी ग्राम चावंडिया पहुंचे जवान तेजमल जाट का ग्रामीणों ने उत्साह और गौरव के साथ भव्य स्वागत किया । देश सेवा के लिए सेना में शामिल हुए युवा सैनिक के सम्मान में गांव में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया । पक्षी ग्राम चावंडिया निवासी उदयलाल जाट के सुपुत्र तेजमल जाट का 5 जनवरी 2026 को अग्निवीर में चयन हुआ, इस दौरान 20 जून 2026 तक अहमदनगर, महाराष्ट्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया, अब 5 जूलाई से जम्मू-कश्मीर में पोस्टिंग होगी । भीलवाड़ा से डीजे के साथ रवाना हुए, जो बनकाखेड़ा मोचड़िया के मंड देवनारायण मंदिर पर पहुंचे, यहां देवनारायण भगवान के दर्शन कर जूलूस के रुप में चावंडिया गांव पहुंचे, जहां चामुंडा मंदिर पर पहुंचे, यहां माताजी को मत्था टेककर आशिर्वाद लिया, इसके बाद सैनिक सम्मान रैली गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने भारत माता के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया । इसके बाद गांव में जुलूस के रूप में उनका स्वागत करते हुए फूल-मालाएं पहनाई गई तथा साफा बांधकर सम्मानित किया गया । ग्रामीण ओमप्रकाश ओझा ने कहा कि सेना में शामिल होकर तेजमल ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है । उनका यह सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने वाला है । यह गांव का पहला युवा जो सैना में गया ।

स्वागत समारोह के दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

ग्रामीणों ने कहा कि तेजमल जाट की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी । समारोह में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम में सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।।

## श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के विस्तार एवं संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष कैलाश अरोड़ा की अध्यक्षता तथा निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन, नए पदाधिकारियों की घोषणा, नए सदस्यों को जोड़ने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी समय में जिला कार्यकारिणी द्वारा आयोजित किए जाने वाले धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में संगठन को अधिक सुदृढ़ एवं जनहितैषी बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा हुई तथा सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार को गति देने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। संगठन के विस्तार में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उनके सहयोग से समाज हित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

बैठक में ट्रस्ट से जुड़कर सेवा कार्यों में योगदान देने की इच्छुक महिलाओं एवं बहनों से आगे आने का आह्वान किया गया। इच्छुक महिलाएं अपना नाम एवं मोबाइल नंबर नीलम शर्मा को भेजकर ट्रस्ट की गतिविधियों से जुड़ सकती हैं।

इस अवसर पर बी.एल. जोशी, आर.के. अरोड़ा, ध्रुव चौधरी, रवि गर्ग, कमलेश पालीवाल, विनोद ओझा, प्रमोद मानसिंहका, अरुण कुमार रॉय (पूर्वांचल), शिव कुमार खेमका, रतनलाल पारीक सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

## कंकोलिया बस स्टैंड पर दिनभर चला पुलिस का विशेष जांच अभियान,वाहनों की सघन जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर ।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनेड़ा पुलिस ने सोमवार को कंकोलिया बस स्टैंड पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश तथा थाना प्रभारी राजूराम काला के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के दौरान सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने बेरिकेट्स लगाकर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान वाहनों में लगी काली फिल्म, सीट बेल्ट के उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देने के साथ यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई।

भीषण गर्मी और कड़ी धूप के बावजूद पुलिस जवान पूरे समय मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे। अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा शराब या अन्य नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

विशेष जांच अभियान में एएसआई कृष्ण गोपाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुभाष सिंह, कांस्टेबल देशराज गुर्जर, कांस्टेबल रमेश कुमावत, कांस्टेबल चालक अशोक सहित पुलिस टीम के अन्य जवान मौजूद रहे।

# जीरो डोज कार्यक्रम के तहत पंचायत प्रतिनिधियों, युवा समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों का आमुखीकरण सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




टीकाकरण के जीरो डोज कार्यक्रम के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ एवं सीएसओ पार्टनर शिव शिक्षा समिति के तत्वावधान में पंचायत राज संस्थाओं, युवा समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों का आमुखीकरण कार्यक्रम पंचायत समिति सभागार, बिजौलिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास अधिकारी अशेष शर्मा ने की।

कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जीरो डोज एवं छूटे हुए बच्चों को नियमित टीकाकरण सेवाओं से जोड़ने में स्थानीय नेतृत्व की भूमिका को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को बताया गया कि जीरो डोज वे बच्चे हैं जिन्हें जन्म के बाद कोई भी टीका नहीं लगा है तथा ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर टीकाकरण सेवाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में विकास अधिकारी अशेष शर्मा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि, युवा संगठन एवं स्वयं सहायता समूह समुदाय में विश्वास निर्माण कर टीकाकरण के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने तथा प्रत्येक पात्र बच्चे के पूर्ण टीकाकरण के लिए सहयोग करने का आह्वान किया।

जिला समन्वयक सुरेंद्र सोनी ने द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, जीरो डोज बच्चों की पहचान, समुदाय आधारित निगरानी, व्यवहार परिवर्तन संचार तथा टीकाकरण से जुड़ी सामान्य शंकाओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी गई।

ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर देवी लाल बारेठ ने प्रतिभागियों को यह बताया कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी से टीकाकरण कवरेज में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए ।

ब्लॉक कॉर्डिनेटर गोविंद सिंह ने समुदाय में टीकाकरण को लेकर आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर चर्चा की। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, युवा समूहों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जनकल्याण शिविर बना ग्रामीणों के लिए वरदान, 22 विभागों ने मौके पर दीं सेवाएं

## नयागांव मीणा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**




**(दिलखुश )** ग्राम पंचायत नयागांव मीणा में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 22 विभागों ने भाग लेकर आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही और विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर में शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई, विकास अधिकारी संगीता व्यास, नायब तहसीलदार अर्पिता चौधरी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिनिधि अंतिमा कुमारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक रामप्रसाद मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सुरजीत मीणा, कनिष्ठ सहायक दिलीप सिंह, राकेश गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहां ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिविर में 12 पट्टों का वितरण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 7 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के 2 लाभार्थियों को तीसरी किस्त जारी की गई। इसके अलावा 2 पेंशन सत्यापन, 1 दिव्यांगजन स्कूटी आवेदन, 17 जन आधार संशोधन तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 3 नए बैंक खाते खोले गए। महिला अधिकारिता विभाग ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं के प्रति सकारात्मक संदेश दिया।

कृषि विभाग द्वारा 50 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जबकि चिकित्सा विभाग ने 99 और आयुर्वेद विभाग ने 31 रोगियों को उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। परिवहन विभाग ने 9 लाभार्थियों का स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किया।

राजस्व विभाग द्वारा 2 खातों का शुद्धिकरण, 3 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण, 5 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीकरण तथा 2 सीमा ज्ञान-पत्थरगढ़ी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही नामांतरण, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र संबंधी कार्य भी किए गए।

शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाया तथा सरकार की इस पहल की सराहना की।

# बारिश से पूर्व सभी विकास एवं सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें - कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने सोमवार को जल संसाधन विभाग,नगर निगम, नगर विकास न्यास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में शहर की प्रमुख जल निकासी व्यवस्थाओं, मेजा बांध से निकलने वाली नहरो की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों , मानसरोवर झील, गांधी सागर तालाब एवं नेहरू तलाई सहित विभिन्न छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की स्थिति की समीक्षा की गई। विधायक कोठारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश से पूर्व सभी नालों एवं नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा गंदे पानी के निकास मार्गों को अवरोधमुक्त रखा जाए। उन्होंने जलभराव संभावित क्षेत्रों में चल रहे सफाई कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा करते हुए सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लंबित सड़कों, नालियों एवं नई कॉलोनियों में स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक ने संबंधित विभागों को सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने तथा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जहां भी नालों की सफाई, निर्माण कार्य अथवा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों के रखरखाव की आवश्यकता है, वहां संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक ने सभी अधिकारियों को बारिश से पूर्व आवश्यक कार्यों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जल साधन जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता हितेश कुमार मेघवाल,
सहायक अभियंता जगदीश डांगी , नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियंता रामप्रसाद जाट, राजू बढ़ेरिया, कनिष्ठ अभियंता रोहन जैन, नगर निगम के अधिशासी अभियंता अखेराम बगडोदिया, पवन नुवाल एवं शंभूलाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता किशन खोईवाल तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता साहिल शर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेन्द्र सिंह राठौड़, संजय राठी, सुभाष बाहेती, भगवान सिंह चौहान एवं बाबूलाल टाक मौजूद रहे।

# गर्मी को लेकर जिला कलेक्टर सख्त, पेयजल, बिजली और चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पेयजल, विद्युत एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समय पर पेयजल आपूर्ति बनाए रखने तथा खराब हैंडपंप एवं ट्यूबवेलों की मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों में पर्याप्त पेयजल, दवाइयों एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल परिसरों में विद्युत वायरिंग की जांच एवं अग्नि सुरक्षा उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया।

बैठक में एवीवीएनएल अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज उच्च प्राथमिकता वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और गर्मी के मौसम में आमजन को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता रखें।

बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धनपत राज सोनी, परियोजना अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गर्ग, अधिशाषी अभियंता मयंक शर्मा, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता खटोड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ सेवा व पक्षी संरक्षण की पहल, न्यायालय परिसर में रखवाए जलपात्र और परिंडे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अभिभाषक संस्था की ओर से सोमवार को न्यायालय परिसर में जल सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गायों के लिए जलपात्र रखवाए गए तथा पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन से भी पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया गया।




जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लला बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली तथा मनोनीत सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़ एवं आनंद शर्मा मौजूद रहे। इस अभियान में मुस्कान फाउंडेशन के रामचंद्र खोतानी का भी सहयोग रहा।

उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल संकट के कारण पशु-पक्षियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जलपात्र एवं परिंडे लगाकर उनकी प्यास बुझाने का यह प्रयास मानवता और जीव सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर और आसपास के क्षेत्र में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जीव-जंतुओं की सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और छोटे-छोटे प्रयास भी कई जीवों के लिए जीवनदायी साबित हो सकते हैं। संस्था ने इस अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर जलपात्र और परिंडे लगाए जा सकें।

इस अवसर पर मनोहर लालवानी, भारत सिंह कानावत, सूर्यप्रकाश सरगरा, नरेंद्र सिंह राठौड़, दीपक गुरनानी, विनोद राव, नारायणलाल कुमावत, दिनेश कुमावत, कमलेश शर्मा, नवीन निम्बार्क, विजय जीनगर, बनवारीलाल व्यास, दीपक चतुर्वेदी सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संतों के सानिध्य में श्री कृष्णा देवनारायण गौशाला का शुभारंभ

## गौवंश व नंदी का कराया गया विधिवत प्रवेश, गौसेवा के लिए समाज को किया प्रेरित

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

गौसेवा एवं गौसंरक्षण के उद्देश्य से दाता का देवरा देवनारायण स्थान पर नवनिर्मित श्री कृष्णा देवनारायण गौशाला का शुभारंभ धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संत-महात्माओं के सानिध्य में गौशाला का लोकार्पण हुआ तथा गौवंश एवं नंदी का विधिवत प्रवेश कराया गया।



गौशाला संचालक एवं गलवा निवासी भंवरलाल खारोल ने बताया कि राष्ट्रीय संत गोपालानंद सरस्वती की प्रेरणा से गौमाता की सेवा, सुरक्षा एवं संवर्धन के उद्देश्य से गौशाला का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि गौशाला में निराश्रित एवं जरूरतमंद गौवंश के संरक्षण एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

गौशाला का उद्घाटन सूरजकुंड बावजी चैतन्य अवधेशानंद महाराज, बनवारी शरण महाराज (काठिया हनुमान टेकरी, भीलवाड़ा), सीताराम महाराज झड़ोल, योगी नारायणनाथ महाराज (सूरत) एवं योगी चैतन्यनाथ महाराज के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। संतों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का आधार बताते हुए अधिकाधिक लोगों से इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्त, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौभक्त रामचंद्र मैनपुरी, नारायण भदाला, गौ सम्मान आह्वान भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष जगदीश तेली, संभाग प्रभारी नंदकिशोर तेली, राजसमंद जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, डालचंद कुमावत एवं शंकरलाल खारोल सहित अनेक गौसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक लादूलाल पितलिया, कांग्रेस विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी, नगरपालिका अध्यक्ष दिनेशचंद्र तेली, ग्रामीण राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव श्यामजी पुरोहित, कुलदीप त्रिवेदी, रायपुर प्रधान शिवराज सिंह बाड़ी, तिलकेश दाधीच तथा जोगणिया माता मंदिर अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी को चेक व संकल्प पत्र वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान ग्राम पंचायत कोदूकोटा में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी बालिका के परिवार को प्रोत्साहन राशि का चेक एवं संकल्प पत्र वितरित किया गया। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।




शिविर में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से देवली बैरवा को लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2500 रुपए की प्रथम किश्त का चेक एवं संकल्प पत्र प्रदान किया गया। यह वितरण शिविर प्रभारी तहसीलदार विनोद कुमार गोखुरु, नायब तहसीलदार रौनक शर्मा एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। अधिकारियों ने बताया कि लाडो प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें शिक्षा एवं विकास के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत पात्र बालिकाओं को सात किश्तों में कुल 1.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा तथा महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मीनल विजयवर्गीय, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल, वन स्टॉप सखी सेंटर की परामर्शदाता लक्ष्मी खटीक, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की परामर्शदाता शशि कंवर कानावत तथा ग्राम साथिन कमला बैरवा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा बेटियों के सम्मान, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को नई प्रेरणा मिली।

# आसींद में बच्चों को पढ़ाएंगे नैतिक मूल्यों के पाठ

## बाल संस्कार सेवा शिविर में 5 दिन तक संस्कारों का देंगे ज्ञान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में 5 दिवसीय बाल संस्कार सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। सोमवार को कृष्णा पब्लिक स्कूल में शुरू हुए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। शिविर प्रभारी विनीता पारीक ने बताया कि यह 5 दिवसीय शिविर बच्चों को प्रेरक कहानियों, जीवन मूल्यों से जुड़े प्रसंग,कला एवं शिल्प, नृत्य , चित्रकारी, मेहंदी सहित विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से अच्छे संस्कारों की शिक्षा देगा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारों का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। परिषद शाखा सचिव शैलेंद्र कुमार सेन



मुख्य वक्ता शाखा परिषद सचिव शैलेंद्र कुमार सेन ने बच्चों को अनुशासन, सेवा भावना, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

परिषद के सदस्य शांत जैन ने बताया कि शिविर में लगभग 70 बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में रुचि दिखाई और शिविर के प्रति उत्साह व्यक्त किया। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और संस्कार संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर परिषद महिला संयोजिका कृष्णा राठौड, सीमा शर्मा, अंतिमा जैन, भाविका सोनी एवं राधिका पारीक मौजूद रहे ।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना निराश्रित बालक के लिए सहारा, पालनहार योजना से जुड़ा दिलखुश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर के तहत ग्राम पंचायत कोदुकोटा में आयोजित शिविर एक निराश्रित बालक और उसकी वृद्ध दादी के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। प्रशासन की संवेदनशील पहल और त्वरित कार्रवाई से बालक को पालनहार योजना से जोड़कर उसके बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया गया।



शिविर के दौरान करीब 80 वर्षीय भूरी बाई गाड़री अपने पोते दिलखुश के साथ अधिकारियों के समक्ष पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र मदनलाल का निधन हो चुका है, जबकि बालक की माता भी पूर्व में परिवार से अलग हो गई थी। ऐसे में दिलखुश पूरी तरह निराश्रित हो गया था। वृद्धावस्था के कारण भूरी बाई उसके पालन-पोषण और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिविर प्रभारी तहसीलदार विनोद कुमार गोखरू, नायब तहसीलदार रोनक शर्मा तथा विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार गुरनानी ने तत्काल संज्ञान लिया। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए बालक दिलखुश का नाम राजस्थान सरकार की पालनहार योजना में दर्ज कराया, जिससे उसे नियमित आर्थिक सहायता एवं अन्य सरकारी लाभ प्राप्त हो सकेंगे।

योजना में नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भूरी बाई के चेहरे पर राहत और संतोष झलकता नजर आया।

इस अवसर पर प्रशासक कैलाश देवी शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार सोनी, भगवान सिंह, मोनू सोनी, जनप्रतिनिधि गोवर्धनलाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# अग्निवीर दिनेश माली के गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत, देशभक्ति के रंग में रंगा गेणोली

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार अपने पैतृक गांव गेणोली पहुंचे जवान दिनेश माली का ग्रामीणों ने उत्साह और गौरव के साथ भव्य स्वागत किया। युवा सैनिक के सम्मान में पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया।

गेणोली निवासी किसान कालूलाल माली के पुत्र दिनेश माली के मांडलगढ़ चौराहे पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने भारत माता के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने जवान को फूल-मालाएं पहनाकर तथा साफा बांधकर सम्मानित किया।

स्वागत समारोह के दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। ग्रामीणों ने कहा कि दिनेश माली की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने इसे गांव और क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

समारोह में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जवान के उज्ज्वल भविष्य तथा सफल सैन्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता किशन माली, दुर्गा माली, भूरालाल माली, देव माली, गणपत माली, नाथू माली, लादू माली, जगदीश माली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे

# राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज करेगा 251 प्रतिभाओं का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था (रजिस्टर्ड) के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2026 में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 251 मेधावी विद्यार्थियों का प्रदेश स्तरीय सम्मान किया जाएगा।

प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य दिलीप सोनी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए भव्य प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

सोनी ने बताया कि यह आयोजन समाज की शीर्ष संस्था के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रसाद तोषावड़ , महामंत्री बजरंग लाल झींगा, कोषाध्यक्ष राजकुमार कुलथिया एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सानिध्य में संपन्न होगा। समारोह की तिथि एवं स्थान की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण मेढ़ ने बताया की सीबीएसई कक्षा 12वीं के जिन विद्यार्थियों ने री- टोटलिंग अथवा री-चेकिंग के लिए आवेदन किया है और 30 जून 2026 तक उनके अंक 90 प्रतिशत या उससे अधिक हो जाते हैं, वे अपनी पुरानी एवं संशोधित अंकतालिका प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराकर प्रतिभा सम्मान सूची में अपना नाम शामिल करा सकेंगे।

इस वर्ष समाज की बालिकाओं ने विशेष रूप से उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 वीं में कृष्णा सोनी (फलोदी), कल्पना सोनी (बिजवालिया -जोधपुर) एवं कृष्णा सोनी (बीदासर - बीकानेर) ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। तथा दीक्षा सोनी खैरथल एवं सिमरन सोनी झुंझनू ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए है।

इसी प्रकार कक्षा 10 में आस्था सोनी (सीकर) ने 99.17 प्रतिशत , गर्वप्रकाश सोनी अजमेर ने 99% एवं पूर्वा सोनी कूदन सीकर ने 98.83% अंक अर्जित कर वरीयता सूची में स्थान हासिल किया है।

सोनी ने बताया कि शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान कर समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना प्रमुख उद्देश्य है।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की जिला स्तरीय समिति बैठक कल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक 24 जून को आयोजित की जाएगी। बैठक में योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ लॉटरी प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत लॉटरी प्रक्रिया संपादित किए जाने के निर्देशों की पालना में जिला स्तरीय समिति की बैठक 24 जून को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक में समिति के सदस्य योजना के क्रियान्वयन एवं चयन प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे।

# माहेश्वरी समाज ने किया छप्पन भोग का आयोजन, गूंजे भगवान महेश के जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज द्वारा माहेश्वरी भवन में भगवान महेश (भगवान शिव) को छप्पन भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महेश की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई, जिसमें समाज के महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छप्पन भोग अर्पण के समय पूरा माहौल भक्तिमय हो गया तथा 'हर-हर महादेव' और भगवान महेश के जयकारों से माहेश्वरी भवन गूंज उठा। आयोजन में माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय | मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।